an>

Title: Need to set up cold stroage for preservation of fruits and vegetables in Basti Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

**श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती के अगल-बगल सिद्धार्थ नगर और संतकबीर नगर हैं। यह क्षेत्र कृषि और फल उत्पादन के लिए अत्यंत मशहूर स्थान है। यहाँ के फल अनुसंधान केंद्र द्वारा आमूपली सहित दर्जनों आम की प्रजातियों को विकसित किया गया है। यहाँ पर फल एवं सब्जियों का व्यापक उत्पादन होता है, किंतु मेरे जनपद में न ही कोई कोल्ड-स्टोरेज है और न ही फल और सब्जियों के लिए कोई भण्डारण गृह है, जिस कारण अक्सर फल और सब्जियाँ खराब हो जाती हैं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

अतः मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती में फल एवं सब्जियों के भण्डारण के लिए आधुनिक भण्डारण गृह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

डॉ. वीरेन्द्र कुमार को श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Dr. Kirit P. Solanki - Not present.